State Council of Educational Research
& Training, Chhattisgarh,
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: http://scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र./ 3178 /शिक्षक शिक्षा/प्रवेश/ऑनलाइन आबंटन/2019–20, रायपुर दिनांक 18/09/2019

बी.एड./डी.एल.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. पाठ्यक्रम 2019 में प्रवेश के लिए अंतिम चरण का आबंटन प्रक्रिया की विस्तृत सूचना

राज्य के शासकीय/निजी शिक्षा महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में तीन चरण के ऑनलाइन आबंटन के पश्चात् शेष रिक्त सीटों के लिए **अंतिम चरण** के ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया निम्नानुसार आयोजित है :–

क्र.	विवरण (चरण वार)	बी.एड./डी.एल.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड.	
		दिनांक से	दिनांक तक
01	अंतिम चरण के लिए विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करने की तिथि	23/09/2019	27/09/2019
02	अंतिम चरण की प्रथम सूची जारी करना	28/09/2019	
03	प्रवेश की तिथि	30/09/2019	01/10/2019
04	अंतिम चरण की द्वितीय सूची जारी करना	03/10/2019	
05	प्रवेश की अंतिम तिथि	04/10/2019	07/10/2019
06	आबंटन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट	बी.एड. के लिए – https://scertraipur.in/cgbed2019 डी.एल.एड. के लिए – https://scertraipur.in/cgdeled2019 बी.ए.बी.एड. के लिए – https://scertraipur.in/cgbabed2019 बी.एससी.बी.एड. के लिए– https://scertraipur.in/cgbscbed2019	

इस चरण के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही आबंटन प्रक्रिया में शामिल किया जायेगा। समस्त पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों पर संयुक्त मेरिट क्रम (Combined Merit Rank) के आधार पर आबंटन किया जायेगा परन्तु जिन महाविद्यालयों के लिए C.G., A.I.Q. कोटा ओपन नहीं किया गया है वहाँ छत्तीसगढ़ कोटे की सीटें छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थियों को तथा A.I.Q. कोटा की सीटें C.G./O.C.G. के अभ्यिर्थियों को आबंटित किया जायेगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के रिक्त सीटों को पहले जिस जिलें में डाइट संचालित है उसी जिलों के छात्रों को विषयवार आबंटित किया जायेगा। इसके बाद विषय को बंधन हटाकर सीट्स आबंटित किया जायेगा। इनके बाद भी सीटें रिक्त रहती है तो अन्य जिलों के अभ्यर्थियों को डाइट में आबंटन किया जायेगा। इसके लिए डी.एल.एड. में अन्य जिलों के डाइट का विकल्प पृथक से लिया जायेगा। इसी प्रकार बी.ए.बी.एड. पाठ्यक्रम में बी.एससी.बी.एड. के लिए प्री. टेस्ट में बैठे छात्र भी विकल्प दे सकते हैं परन्तु उन्हे आबंटन के लिए बी.ए.बी.एड. के अभ्यर्थियों के बाद विचार किया जायेगा।

इस चरण के आबंटन प्रक्रिया के लिए अन्य नियम व शर्ते निम्नानुसार है :–

i. उपरोक्त चारों पाठ्यक्रमों में पंजीयन व विकल्प फार्म भरने के लिए महत्वपूर्ण बिन्दु –

a) छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल(व्यापम) द्वारा आयोजित प्री टेस्ट में सम्मिलित अभ्यर्थी तथा अब तक किसी भी महाविद्यालय/संस्था में प्रवेश नहीं लेने वाले अभ्यर्थी ही पात्र होगें।

b) पूर्व चरण में आबंटन प्रक्रिया में सम्मिलित चाहे उन्हें महाविद्यालय आबंटित हुआ हो अथवा नहीं हुआ है और यदि महाविद्यालय/संस्था आबंटित हुआ है तो जो छात्र प्रवेश नहीं लिये है वे निःशुल्क इस चरण के लिए पंजीयन करा कर विकल्प फार्म भर सकते है।

c) इस चरण के लिए पंजीयन कराना आवश्यक होगा क्योंकि इस चरण में पंजीयन कराये अभ्यर्थियों के आवेदन पर आबंटन के लिए विचार किया जायेगा।

d) प्री. टेस्ट में बैठे छात्र जिन्होंने अब तक किसी भी चरण में अपना पंजीयन नहीं कराया है वे निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा करके पंजीयन करा सकते है।

e) यह अंतिम चरण का आबंटन प्रक्रिया है। इस कारण किसी भी अभ्यर्थी को जिस महाविद्यालय/संस्था में सीट्स आबंटन होता है वहाँ प्रवेश लेना आवश्यक होगा अन्यथा वह आगामी प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा। इस कारण विकल्प फार्म भरते समय उन्ही महाविद्यालय/संस्था का विकल्प देवें, जहाँ अभ्यर्थी प्रवेश के लिए इच्छुक है तथा आपके संयुक्त मेरिट क्रम तक आबंटन के लिए विचार करने तक वहाँ सीटें रिक्त रहें।

f) विभिन्न पाठ्यक्रमों में विभिन्न महाविद्यालयों में रिक्तियों की संख्या संबंधित वेबसाइट पर देखने के उपरान्त ही विकल्प फार्म भरें। अभ्यर्थी न्यूनतम एक विकल्प तथा अधिकतम जितने महाविद्यालयों में सीटें रिक्त है उतने महाविद्याल का विकल्प ले सकते है।

ii. इस प्रक्रिया में शामिल होने मात्र से सीट आबंटित हो जाये यह आवश्यक नहीं है।

iii. विकल्प एक बार लिया जायेगा तथा सूची दो बार जारी किया जायेगा।

iv. इस चरण में यह सुविधा दिया गया है कि किसी भी महाविद्यालय का विकल्प भरते समय उस महाविद्यालय में जितने भी रिक्त सीट्स है उसके विरूद्ध आपके फार्म भरते तक कितने अभ्यर्थियों ने उस महाविद्यालय का विकल्प लिया है और उन अभ्यर्थियों में आपका रैंक क्या है यह जानकारी अंकित होगा।

इसमें आप उस महाविद्यालय में सीट्स मिलने का अनुमान बेहतर तरीके से लगा पायेगें।

v. शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगें।

18/08/19

(पी. दयानंद)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर